तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4
खरसिया आरओबी निर्माण की नहीं छट रही धुंध, अटका काम



## खबर संक्षेप



### मतदान केंद्रों में जांच के लिए पहुंचे अधिकारी

**रायगढ़।** जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के अंतर्गत गणना पत्रक वितरण का कार्य 93.52 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त नगर पालिक निगम सह सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रायगढ़ सुतीक्षण यादव द्वारा आज मतदान केंद्र क्रमांक 14 का बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की उपस्थिति में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मतदाताओं को गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया समझाई गई तथा स्वयं गणना पत्रक भरने और गणना पत्रक प्रविष्टि से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। इसी प्रकार जिला कार्यालय रायगढ़ एवं लैलूंगा में स्थापित हेल्प डेस्क पर पहुंचे मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम खोजकर बताया गया तथा गणना पत्रक प्रविष्टि के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना गणना पत्रक शीघ्रता से भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करें। यदि किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वे जिलाए तहसील स्तरीय हेल्प डेस्क अथवा टोल.फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### 18 को चक्रधर बाल सदन में होगा कार्यक्रम

**रायगढ़।** नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा 18 नवम्बर को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन पूर्वान्ह 11 बजे से चक्रधर बाल सदन, हण्डी चौक, रायगढ़ में होगा, जिसमें भारत माता वाहिनी समूह की महिला सदस्य विशेष रूप से शामिल होंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए वर्चुअल कार्यक्रम, नशामुक्ति रैली तथा व्यापक स्तर पर शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्षों की उपलब्धियों को जन.जन तक पहुंचाया जाए तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाए। इसके साथ ही अभियान के तहत जिले के शिक्षा विभाग, महाविद्यालयोंए सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं विश्वविद्यालयों में भी एक साथ शपथ समारोह आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवा वर्ग और आम नागरिकों को नशामुक्ति के संकल्प से जोड़ा जा सके। समाज कल्याण विभाग ने सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में हिस्सा लेने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की अपील की है।

### युवा रत्न पुरस्कार के लिए 30 तक होगा आवेदन जमा

**रायगढ़।** युवा रत्न पुरस्कार हेतु इच्छुक व्यक्ति तथा संगठन 30 नवम्बर तक कार्यालयीन समय में सहायक संचालकए खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय, जिला रायगढ़ में निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। युवा रत्न सम्मान से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाइल नंबर 9770752697 पर भी संपर्क किया जा सकता है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान योजना इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में जारी की गई है।

### अभी तक नहीं आई है तेजी, सिंचित 7 और असिंचित 15 प्रतिशत हुई है कटाई

# मोबाइल एप से मिली सुविधा 32 ने एप से काटा टोकन, आज 55 किसानों से खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज जिले के 55 किसानों से करीब 3434 क्विंटल धान खरीदी होगी। इसके लिए 32 किसानों ने जहां खुद एप से टोकन काटा है। वहीं 23 टोकन समिति स्तर से काटी गई है। किसानों को यह सुविधा एप से मिल रही है। इससे समिति जाने के झंझट से किसानों को मुक्ति मिल गई है। दूसरी ओर एफआईआर के डर से समिति प्रबंधक और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों ने आंदोलन से तौबा कर लिया है। लौटने की लिखित जानकारी सहकारिता विभाग में दी गई है।

शनिवार से धान खरीदी चालू हो गई है। पहले दिन तो केवल चार खरीदी केंद्र में ही बोहनी हो पाई थी। इसके बाद सोमवार के लिए करीब 21 किसानों का टोकन कटा था। मंगलवार के लिए करीब 55 किसानों का टोकन कटा है। इनसे धान खरीदी होगी। किसानों की सुविधा के लिए टोकन एप चालू लॉच किया गया है। इसमें किसानों को काफी सहूलियत हो रही है। मंगलवार के लिए धान बिक्री करने 32 किसानों ने स्वयं टोकन काटा है। इससे किसानों को चक्कर लगाना नहीं पड़ रहा है।



#### इस महीने बाद आएगी तेजी

दिसंबर में ही खरीदी में तेजी आने की बात कही जा रही है। कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार अभी सिंचित धान केवल 7 और असिंचत 15 प्रतिशत कटाई हुई है। इसमें सभी टिकरा फसल होने की बात कही जा रही है।

#### अब हड़ताल से किया तौबा

समिति प्रबंधकों के हड़ताल से खरीदी को लेकर प्रशासन भी पशोपेश में था। हालांकि प्रशासन के दबाव में ही सही, अब प्रबंधकों और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों ने हड़ताल से तौबा कर लिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि आज से सभी समितियों और खरीदी केंद्रों में धान की सुचारु खरीदी होगी।

## पटवारियों ने रकबा कर दिया संसोधित अब समिति मॉड्यूल में नहीं दिखा रहा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डीसीएस में हुई रकबा गड़बड़ी को तो पटवारियों ने भौतिक सत्यापन करके सुधार दिया, लेकिन समिति मॉडयूल में धान नजर ही नहीं आ रहा है। इसके चलते किसानों को कभी तहसील तो कभी जिला कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसका कारण क्या है यह अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। इस तरह के हालात केवल एक सा दो समिति का ही नहीं बल्कि अधिकांश समितियों में है। इससे किसानों को परेशानी हो रही है। सोमवार को भी किरोड़ीमलनगर एरिया के चारभांठा निवासी लक्ष्मी प्रसाद पटेल समेत अन्य किसान फूड अधिकारी के पास संसोधन के लिए पहुंचे थे। इस गांव में करीब 50 किसानों का इसी तरह डीसीएस में गड़बड़ी हुई थी। इसका सुधार पटवारी ने भौतिक सत्यापन के बाद कर दिया था, लेकिन ऑनलाइन पेड्डी मॉड्यूल में धान दिखा ही नहीं रहा है। इसके कारण किसान परेशान हैं।



**संसोधन के लिए भटक रहे किसान, तहसीलदार और पटवारी भेज रहे फूड विभाग**

#### राजस्व का काम कर रहा फूड

रकबा, खसरा जैसे शब्दों से फूड विभाग का दूर-दूर तक नाता नहीं रहता है, लेकिन इस बार इसमें संसोधन जैसा काम राजस्व के बजाए फूड विभाग कर रहा है। खास बात तो यह है कि अब तहसीलदार से लेकर पटवारी तक इसमें संसोधन के लिए फूड विभाग के अधिकारियों के पास भेज रहे हैं। पूर्व में इस तरह का संसोधन तहसीदार मॉड्यूल में होता था।

## सूदखोरी के आरोपी पूर्व जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत बिलासपुर के आदिवासी सरपंच पति छेदीलाल कंवर के साथ हुए सुदख़ोरी और बंधक बनाने के बहुचर्चित मामले में भूपदेवपुर पुलिस ने दो बार के जिला पंचायत सदस्य अवधराम पटेल के खिलाफ सुदख़ोरी से संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इसी के साथ अब अवधराम को गिरफ्तार करने तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बिलासपुर के सरपंच पति छेदीलाल कंवर को पिछले दिनों मुरा गांव निवासी अवध राम पटेल द्वारा अपने घर में जबरन 5 घंटे तक बंधक बना कर रख दिया गया था। इसी के साथ 1 लाख 29 हजार की मांग भी की जा रही थी। अपने साथ हुए घटना और सुदख़ोरी के मामले को लेकर उक्त ग्रामीण ने एसपी दिव्यांग पटेल से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने सुदखोर अवधराम के खिलाफ जांच के आदेश दिये थे। एसपी के आदेश पर तत्काल अमल करते हुए थाना प्रभारी ने अपनी जांच शुरू की तो मामले को सही पाया।

## हाथियों के दल ने 15 किसानों की फसल रौंदी, हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में हाथियों ने किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। रात में जंगल से निकलकर हाथियों का एक दल खेतों तक पहुंचा और 15 किसानों की फसल को रौंद दिया। नुकसान का आकलन वन विभाग की ओर से किया जा रहा है।

रायगढ़ वन मंडल के दो क्षेत्रों में बीती रात 17 हाथियों का दल धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो रेंज के इंचपारा बीट में पहुंचा और क्रिंधा गांव के 4 किसानों के खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर दिया। वहीं रायगढ़ वन मंडल के तमनार रेंज के सामारूमा बीट के छेड़ोरिया गांव में हाथियों ने खेतों में घुसकर 11 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया। रात में हाथियों की सूचना मिलने के बाद वन अमला और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वे डटे रहे। सुबह होने से पहले वापस जंगल की ओर लौट गए। बताया जा रहा है कि इसके बाद झिंगोल, तराईमाल और अन्य गांवों में मुनादी कराई गई है। वन विभाग द्वारा नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है।



#### काफी देर तक सड़क पर डटा रहा दल

दोपहर करीब 3 बजे तमनार रेंज के अमलीडीह से सामारूमा पड़की पहरी की ओर जंगल से निकलकर हाथियों का दल सड़क पर आ गया। दो दलों में लगभग 40-45 हाथी थे और वे काफी देर तक सड़क पर ही रुके रहे। इसके बाद वन अमले ने दोनों ओर से वाहनों को रोक दिया। बाद में हाथियों का दल वापस सामारूमा जंगल की ओर लौट गया।

#### जिले में 70 हाथियों की मौजूदी

जिले के जंगलों में कुल 70 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इनमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 30 हाथी हैं, जिनमें सबसे अधिक 17 हाथी बोरो रेंज में हैं। जबकि बाकी रेंजों में एक-एक अकेला हाथी घूम रहा है। वहीं रायगढ़ वन मंडल में 40 हाथी हैं। इसमें तमनार रेंज में 34, घरघोड़ा रेंज में 4 और रायगढ़ रेंज में 2 हाथी शामिल हैं। कुल मिलाकर 29 नर, 28 मादा और 13 शावक शामिल हैं।

## एसपी ऑफिस के सामने मेडिकल स्टोर में चोरी, 4 नकाबपोशों ने उड़ाए 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसपी ऑफिस से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पॉश इलाके गांधी गंज में बीती रात 4 नकाबपोशों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने दो मेडिकल स्टोर्स से करीब 2 लाख रुपए पार कर दिया। साथ ही कुछ अन्य दुकानों में भी चोरी की नाकाम कोशिश की। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। एसपी ऑफिस के बगल में ही गांधी गंज स्थित है, जोकि एक पॉश इलाका है। इस बार चोरों ने एसपी ऑफिस के ठीक बगल में वारदात को अंजाम दिया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार रविवार-सोमवार की दरमियानी रात चार नकाबपोश प्रगति इंटरप्राइजेज और प्राची मेडिकॉज का शटर तोड़कर अंदर घुसे और कैश करीब 2 लाख लेकर बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोरों ने क्षेत्र की दो अन्य दुकानों को भी टारगेट करने की कोशिश की, लेकिन वहां नाकाम रहे।

- **कुछ अन्य दुकानों में भी चोरी की कोशिश, कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी गंज का मामला**




अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस की तीन अलग-अलग टीम काम कर रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।
**सुखनंदन पटेल**
टीआई कोतवाली थाना

#### सरकारी वकील के घर भी चोरी

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के सूने मकान में धावा बोलते हुए अज्ञात चोरों ने 20 हजार रूपए नगद सहित सोने चांदी के जेवरातों को पार कर दिया। दरअसल खरसिया के मदनपुर निवासी अंजू गुप्ता खरसिया के जेएमएफसी न्यायालय जिला में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह दीपावली अवकाश के दौरान 18 अक्टूबर को अपने पति के पास सिंगरौली मध्यप्रदेश गई थी। वहां से वापस आई और दरवाजा खोलकर जैसे ही अंदर गई तो पता चला कि अज्ञात चोरों ने घर में लगे बिजली वायर व सारे प्लग सहित आलमारी में रखे सोने की अंगूठीए एक जोड़ी पायलए नगदी रकम 20 हजार और कुछ बर्तन को पार कर दिया था। चोरी हुए सामानों की कुल कीमत 75 हजार रूपए बताई जा रही है।

#### पुलिस की विशेष टीम का गठन

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके। पुलिस का कहना है कि फुटेज में दिख रहे चारों नकाबपोश अपराधियों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित की गई है। गांधी गंज सहित अन्य बाजार क्षेत्रों के व्यापारी लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दहशत में हैं। उनका कहना है कि शहर में बढ़ते अपराधों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है और रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग भी की जा रही है।






## खबर संक्षेप

### बिहार चुनाव परिणाम पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मुलाकात



**राउरकेला।** एनसीपी ओडिशा के प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार विधानसभा चुनाव और उसके ताज़ा परिणामों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल से महत्वपूर्ण मुलाकात की। बैठक में बिहार के बदलते राजनीतिक समीकरण, वोट प्रतिशत, सीटों के रुझान तथा एनसीपी की आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

### पार्क में किण्डर वैली स्कूल के बच्चों ने मनाया बाल दिवस



**रायगढ़।** रामलीला मैदान स्थित शिक्षण संस्थान किण्डर वैली स्कूल 14 नवंबर बाल दिवस को स्कूल के बच्चों ने यादगार ढंग से कोसमनारा बाबाधाम स्थित पार्क में मनाया। कार्यक्रम के पहले डायरेक्टर श्रीमती रीनू ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को बताया कि हम क्यों बाल दिवस मनाते हैं और बच्चों के लोकप्रिय चाचा नेहरू के जीवन चरित्र पर संक्षिप्त प्रकाश डाले। वहीं स्कूली बच्चों के लिए विविध मनभावन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अपनी खूबसूरत प्रस्तुति से उपस्थित सभी लोगों का मन हर्षित किया। वहीं कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को पुरस्कृत कर टॉफियां भी बांटी गई व कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्रबंधन के सभी स्टॉफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### जनपद सीईओ श्रीवास ने पदभार संभाला

**पत्थलगांव।** जनपद पंचायत में जिला कलेक्टर के द्वारा नए सीईओ के रूप में केके श्रीवास को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर रोहित ब्यास ने जनपद पंचायत पत्थलगांव सीईओ के लिए 14, नवम्बर को आदेश जारी किया था। केके श्रीवास ने विधिवत 17 नवम्बर सोमवार को जनपद सीईओ का पदभार सम्भाला। पदभार ग्रहण करते हुए केके श्रीवास ने कहा कि जनपद पंचायत पत्थलगांव के अपूर्ण कार्यो को जल्द पूर्ण करने में ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। शासन के विकास कार्यो को गांव गांव तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लाभ आम जनों को दिलाने कोशिश की जाएगी। बता दें इससे पूर्व में केके श्रीवास कुनकुरी बगीचा जनपद सीईओ के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### दुकान में लगी आग सामान जलकर राख

**पत्थलगांव।** थाना क्षेत्रांतर्गत भाटामुड़ा निवासी दीपक यादव की श्रृंगार दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले में आगजनी का मामला दर्ज किया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। विवेचना दौरान आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रोजगार मेला का आयोजन 21 को

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया की शासकीय कन्या विजय भूषण सिंह देव महाविद्यालय जशपुर में 21 नवम्बर 2025 को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में वृन्दावन पब्लिक स्कूल, लुड़ेग कोतबा, बागबहार, पण्डरीपानी एवं योकोहामा ट्री इंडिया लिमिटेड से विभिन्न पदों के लिए रिक्तियॉ प्राप्त हुई है। प्राप्त रिक्तियों में वृन्दावन पब्लिक स्कूल, लुड़ेग कोतबा, बागबहार, पण्डरीपानी में प्राचार्य के 4, हिन्दी शिक्षक के 8, अंगेजी शिक्षक के 8, गणित शिक्षक के 6, विज्ञान शिक्षक के 6, प्री-प्रायमरी वर्ग के 15, संगीत शिक्षक के 2 लेखापाल के 4, वाहन चालक के 4 पद शामिल हैं।

## प्रकरणों के निराकरण में मिलेगी बड़ी सहूलियत

# अब एक क्लिक में मिलेगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने जिला कार्यालय में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि नए कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध तथा जनहित परक बनेगी। उन्होंने पुलिस सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को नए कानून के प्रावधानों को गंभीरता पूर्वक पालन करने के निर्देश दिए। जिससे आमजनों के प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा कि समय पर मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने से जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज होती है, जिससे आमजन को सीधे रूप से सहूलियत होती है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरणों का पारदर्शी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, लोक अभियोजन अधिकारी, लोक अभियोजक, जेल अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सहित खंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

■ चिकित्सकों को मेडलीपर पोर्टल में अपलोड करनी होगी रिपोर्ट

**समयबद्ध बनाना अनिवार्य** कलेक्टर ने नए कानूनों के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएगी।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी पेशी:** बैठक में नए कानूनों के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी सुनिश्चित करने के प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जहां न्यायालय के निर्देशानुसार सशरीर पेशी आवश्यक नहीं है, वहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई जाएगी। जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा प्रकरणों के निराकरण की गति बढ़ेगी। जेल विभाग के अधिकारियों को इस व्यवस्था का प्रभावी उपयोग करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा अधिसूचित की जा चुकी है। आवश्यकतानुसार इसका उपयोग न्यायालयीन कार्यवाही में वीसी के लिए किया जा सकता है।

### मेडलीपर पोर्टल का उपयोग

बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने बताया कि जिले में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आमजन को भटकना नहीं पड़ेगा। चिकित्सक मेडलीपर पोर्टल में पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करेंगे। जिससे जांचकर्ता अधिकारी, पुलिस एवं कोर्ट के अधिकारी एक क्लिक में रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था पीड़ितों एवं उनके परिजनों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी और प्रकरणों के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मेडलीपर पोर्टल पर सभी मेडिकल अधिकारियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराया जाए और उनका उचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे समय सीमा के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल लीगल रिपोर्ट, विसरा रिपोर्ट, केमिकल पैथोलॉजी रिपोर्ट एवं रेडियोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड कर सकें। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगी बल्कि नागरिकों को त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में भी सहायक होगी।

## जशपुर की बेटियों ने नेशनल स्पोर्ट्स मीट में रचा इतिहास



■ मुख्यमंत्री साय ने बैडमिंटन खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**जशपुरनगर।** सुन्दरगढ़ ओडिशा में आयोजित 4वॉ एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ढुढरुडांड़, बटईकेला और कांसाबेल की दो प्रतिभाशाली छात्राएं अंडर 14 डबल बैडमिंटन में मीनाक्षी लकड़ा और संजना भगत ने स्वर्ण पदक जीतकर अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ीयों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गर्व की बात यह है कि न सिर्फ स्कूल की पहली राष्ट्रीय जीत है, बल्कि जशपुर जिले के इतिहास में पहली बार किसी भी स्कूल की छात्राओं ने नेशनल स्तर पर गोल्ड जीता है। यह उपलब्धि जशपुर जिला, एकलव्य मॉडल आवासी विद्यालय परिवार और आदिवासी समुदाय के लिए एक सुनहरा अध्याय साबित हुई है। विद्यालय के प्राचार्य ललिता चौहान ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। इस अवसर पर प्राचार्या ने कलेक्टर श्री रोहित व्यास और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह को भी धन्यवाद कहा, क्योंकि जब-जब विद्यालय को उनके सहयोग व मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ी, उन्होंने हमेशा साथ दिया। बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले पीटीआई अमरदीप सिंह जी को भी प्राचार्या ने धन्यवाद दिया।

## जिले में अवैध धान की आवाजाही रोकने जिला प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के आवागमन पर कड़ी निगरानी रखने जिला प्रशासन द्वारा सतत कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने विगत देर रात झारखंड सीमा पर स्थित विभिन्न चेकपोस्टों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजस्व टीम में तहसीलदार जयश्री राजनपथे, नायब तहसीलदार अरुण कुमार, फूड इंस्पेक्टर आलोक टोप्पो, मंडी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल रहे। टीम ने भलमंडा, सकरडेगा एवं साईंटांगाटोली चेकपोस्टों का निरीक्षण किया, जो झारखंड राज्य से लगे हुए सीमावर्ती बैरियर हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चेकपोस्टों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा वाहनों की जांच प्रक्रिया को बारीकी से परखा। अवैध धान परिवहन रोकने के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उन्हें स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने तथा अवैध धान के आवागमन को रोकने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती इलाकों में सतत निगरानी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हाइवे पेट्रोलिंग वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ पैर घुटने से अलग हुआ आरक्षक विकास टोप्पो निलंबित, गिरफ्तार

लोरो घाट के पास हुए गंभीर सड़क हादसे में पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के चालक आरक्षक विकास टोप्पो को नशे में वाहन चलाने और दुर्घटना कारित करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आरोपी आरक्षक को तुरंत निलंबित कर विभागीय जांच भी शुरू कर दी है।

घटना 15 नवंबर की शाम करीब 6.30 बजे की है। प्रार्थी कल्याण केरकेट्टा, निवासी खूंटी टोली ने थाने में रिपोर्ट दी कि उनका बड़ा भाई सिल्बेरियूस केरकेट्टा उम्र 45 वर्ष लोरो बाजार से सामान लेकर स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान कमरेगा पुलिया के पास हाईवे पेट्रोलिंग की अर्टिगा क्रमांक सीजी 03-8574 ने जोरदार टक्कर मारी।

सिल्बेरियूस का दाहिना पैर घुटने के पास से कटकर अलग हो गया। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे पहले जशपुर जिला अस्पताल, फिर हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर किया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि हादसे के समय सरकारी हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को आरक्षक विकास टोप्पो चला रहा था। शराब सेवन की आशंका पर पुलिस ने डॉक्टर से उसका मुलाहिजा भी कराया। पुलिस ने अर्टिगा वाहन को जप्त कर लिया है। दुलदुला पुलिस ने आरक्षक विकास टोप्पो के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 128(a) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। जांच अभी जारी है।

## एसपी ने दसवीं के टॉपर्स बच्चों को किया सम्मानित



**जशपुरनगर।** बाल दिवस के अवसर पर संकल्प शिक्षण संस्थान में बहुत धूमधाम से बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य विनोद गुप्ता के द्वारा नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और उनके उद्बोधन के द्वारा की गई उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश के विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम की भावना होनी चाहिए और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होकर कार्य करना चाहिए उन्होंने बच्चों से कहा कि नेहरू जी की लिखी किताब भारत एक खोज जरूर पढ़ें क्योंकि इससे आपके ज्ञान में वृद्धि होगी और काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आज बच्चे ही हमारे भारत का भविष्य है नेहरू जी के सपनों को पूरा करते हुए बच्चों को पूरी निष्ठा और लगन से शिक्षा प्राप्त कर सफलता प्राप्त करनी चाहिए। संस्थान के शिक्षकों के द्वारा बच्चों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने अपने हाथों से बच्चों को वितरित किया और स्वल्पाहार के पश्चात सभी कक्षाओं के लिए अलग-अलग खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को आकर्षक खेल बैलून फूलाव, दूसरे का फोड़ो अपना बचाव, जलेबी दौड़ रस्साकसी, बॉल पासिंग गेम, म्यूजिकल चेयर, और मैजिक रुकने पर ग्रुप बनाओ जैसे और भी मनोरंजन खेल कराया गया और प्रत्येक खेल के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। शिक्षकों के द्वारा संस्थान के सभी बच्चों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम का संचालन सीमा गुप्ता एवं ज्योति श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। शिक्षक प्रभात मिश्रा और राजेंद्र प्रेमी के द्वारा गीत की प्रस्तुति दी गई। खेलों के आयोजन में अश्विनी सिंह, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, दिलीप सिंह दीपक ग्वाला, अवनीश पाण्डे ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। इस कार्यक्रम के अलावा शिक्षिका सीमा गुप्ता के निर्देशन पर कक्षा नवी के बच्चों ने प्लास्टिक के उपयोग के विरोध में बनाए गए अपने स्लोगन का प्रदर्शन भी किया। जिसकी सराहना सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने की। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के रूप में पुलाव, मिर्ची बड़ा, चटनी, सब्जी परोसी गई। बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी भोजन का आनंद लिया।

### प्रावीण्य सूची में आए बच्चों को किया सम्मानित

इस बार राज्य की मेरिट सूची में संकल्प शिक्षण संस्थान के 12 बच्चों ने अपना स्थान बनाया था। जिसके लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था। जहां बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत सिटी कोतवाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम 14 नवंबर से 20 नवंबर तक चलेगा। जिसमें इसके प्रथम दिवस 14 नवंबर को टॉपर्स बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम एस एस पी शशि मोहन सिंह के निर्देश के अनुसार सिटी कोतवाली में आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, वरिष्ठ समाजसेवी मनीजर राम ,अतिरिक्त पुलिस निरीक्षक अनिल सोनी, डीएसपी चंद्रशेखर परमा एवं मंजू लता बाज, आरआई अमरजीत खूंटे, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी, संकल्प शिक्षण संस्थान और कल्याण आश्रम के बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे। यहां उपस्थित बच्चों एवं अतिथियों को नसरुद्दीन अंसारी के द्वारा साइबर क्राइम और उससे बचने के उपाय भी बताए गए। यहां मंचासीन अतिथियों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा संकल्प के बच्चों ने थाने का भ्रमण भी किया और डी एस पी मंजुलता बाज के द्वारा बच्चों को कोतवाली से संबंधित जानकारी दी गई। इसके पश्चात बच्चों को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में हो रहे राज्य स्तरीय साइंस एग्जीबिशन का भी भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने पूरे राज्य से आए हुए बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल का अवलोकन किया।

## जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक के रिक्त पदों पर अंतिम मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के लिए वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन संबंधी पदों जिला स्तरीय समन्वयक वन अधिकार अधिनियम एवं एमआईएस सहायक वन अधिकार अधिनियम की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन पदों के लिए प्राप्त आवेदनों पर दावे आपत्तियां स्वीकार की गईं। कुल 6 आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का परीक्षण कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की गई हैए जिसे जिले की शासकीय वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। मेरिट सूची के उपरांत दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार संबंधी सूचना भी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

## त्यौहारी सीजन खत्म, लेकिन अब तक नहीं सुधरी सकी ट्रेनों की चाल

■ हर रोज कई ट्रेनें आ रही हैं घंटों लेट, यात्री हो रहे हलाकान

**रायगढ़।** त्यौहारी सीजन खत्म होने के बाद भी ट्रेनों में यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है। पिछले महीने तक लगातार दीपावली, छठ जैसे त्यौहारों के कारण ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। अभी तक ट्रेनों की चाल सुधरी नहीं है, जिसका मुख्य कारण ट्रेनों का रद्द होना है। वहीं दूसरी ओर कई यात्री ट्रेनों की धीमी चाल के कारण यात्रियों को दोगुनी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को पुणे से हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस लगभग चार से पांच घंटे लेट से रायगढ़ पहुंची ।

### मेंटनेंस के कारण लोकल सहित कई ट्रेनें रद्द

रेलवे के द्वारा वर्तमान में चौथी लाइन का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है, इसके साथ ही कुछ स्थानों पर पटरियों के भी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह से रेलवे के द्वारा बिलासपुर-रायगढ़ पैसेंजर, गोंदिया-झारसुगड़ा पैसेंजर के साथ-साथ साउथ बिहार एवं कई अन्य साप्ताहिक ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिसकी वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई ऐसी गाडियां भी है जो हर रोज चार से पांच घंटे लेट से चल रही है। जिसकी वजह से यात्रियों को दोगुनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आज से हालात सामान्य होने की उम्मीद

रेलवे प्रशासन के अनुसार बिलासपुर-झारसुगड़ा सेक्शन में चौथी लाइन के निर्माण कार्य एवं खरसिया लाइन में इंटर लॉकिंग कार्य की वजह से ट्रेनों को 17 नवंबर तक के लिए रद्द किया गया था। आज से फिर से ट्रेनों का परिचालन सामान्य तौर पर किया जाएगा ।जिससे यात्रियों को राहत मिलनें की उम्मीद है।

## ईएमआरएस छर्राटांगर ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीते 18 पदक



**घरघोड़ा।** ग्राम छर्राटांगर में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईएमआरएस के विद्यार्थियों ने देश के खेल पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

हाल ही में ओडिशा में हुए ईएमआरएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता नेशनल स्पोट्स मीट 2025 में आदिवासी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने 18 पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसमें 3 स्वर्ण पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, गाँव और जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि इसने पूरे छत्तीसगढ़ का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। यह सफलता देश भर के आदिवासी बच्चों के लिए, एक विशाल प्रेरणा स्रोत है। 18 पदकों की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे विद्यालय के शिक्षकों और कोचों का अद्वितीय समर्पण रहा है। शारीरिक शिक्षा शिक्षक पीईटी अनुराग शर्मा की कड़ी मेहनत तो सराहनीय है ही, लेकिन विद्यालय के पीजीटी कंप्यूटर साइंस शिक्षक, स्वराज कुमार सिंह, जो स्वयं भारत की राष्ट्रीय ताइक्वांडो टीम के पूर्व कोच रह चुके हैं, उन्होंने नियमित रूप से बच्चों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया। नतीजा यह हुआ कि दो छात्राएं ताइक्वांडो में 2 गोल्ड मेडल झटकने में कामयाब रहीं। कुल 18 पदकों में 3 स्वर्ण, 6 रजत और 9 कांस्य शामिल हैं। श्रेणीवार उत्कृष्ट प्रदर्शन खेल का नाम पदक का प्रकार विजेताओं के नाम ताइक्वांडो स्वर्ण, कांस्य स्वर्णः यामिनी राठिया, कामनी राठिया; कांस्यः करुणा राठिया, गुंजा सिदार, नताशा राठिया। कुश्ती कांस्य, रजत, कांस्यः रूपाली राठिया; रजतः अंशु भगत, राधिका राठिया, मुक्केबाजी रजत, कांस्य, रजतः नैतिका सिदार, कांस्यः माही सिदार, रोशनी सिदार, प्रज्ञा सिदार, अनुप्रिया इक्का। तैराकी कांस्य, रजत, कांस्यः किरण अगरिया; रजतः अदिति राठिया। भारोत्तोलन, रजत,आस्था तिर्की, जूडो रजत नमो भोई शतरंज स्वर्णः हेमलता सिदार।

## स्पंज एवं फर्नेस फैक्ट्रियों से प्रदूषण फैलने का आरोप

# रात को धुआं उगल रहे हैं स्पंज व फर्नेस प्लांट जिले में 42 स्पंज संयंत्रों में चल रहा है उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

सुंदरगढ़ जिले के बणई, कुआरमुंडा, राजगांगपुर और कलुंगा क्षेत्रों में संचालित 42 स्पंज व फर्नेस संयंत्रों से बढ़ता प्रदूषण स्थानीय लोगों के लिए गंभीर संकट बन गया है। ऊर्जा बचत के नाम पर कई औद्योगिक इकाइयाँ रात के समय अपने प्रदूषण नियंत्रण उपकरण ईएसपी इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर बंद कर देती हैं। जिन इकाइयों में ईएसपी चालू रहता भी है, वहां मशीन का सही उपयोग नहीं होता, फ़िल्टर लाइनें नियमित रूप से साफ नहीं की जातीं, परिणामस्वरूप चिमनियों से भारी मात्रा में काला धुआँ निकलकर आस पास के गाँवों और खेतों को प्रदूषित कर रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि संयंत्रों से निकलने वाला रासायनिक मिश्रित गंदा पानी खेतों में पहुंच रहा है, जिससे मिट्टी खराब हो रही है और फसलें नष्ट हो रही हैं। कुछ महीने पहले स्थानीय शिकायतों के आधार पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कई संयंत्रों को नोटिस जारी किए थे और कुछ पर कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन अब अधिकांश इकाइयों ने फिर से मनमानी शुरू कर दी है।

रात में जब प्रदूषण विभाग अचानक निरीक्षण करता है, तभी फैक्ट्रियाँ अपने ईएसपी चालू कर दिखावे की सफाई प्रस्तुत करती हैं। जिले में आधुनिक मेटालिक्स, अग्रसेन स्पंज, अंबिका आयरन एंड स्टील, अर्ण स्टील, बजरंग इस्पात, दक्ष मेटल्स, गणेश मेटलीक्स, जय बालाजी ज्योति स्टील, बालाजी मेटलीक्स, खेदरिया इस्पात, कलिंगा इस्पात, ओआईएसएल स्पंज, प्रभु स्पंज, मेटालिक, माँ काली स्पन्ज जैसे बड़े छोटे कई संयंत्र शामिल हैं, जिनमें प्रदूषण नियंत्रण मानकों के उल्लंघन के आरोप लगातार लगते रहे हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंचलिक अधिकारी अनूप कुमार मल्लिक ने कहा कि संयंत्रों की नियमित जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों पर सख्त कार्रवाई, नोटिस और आवश्यकता पड़ने पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। आने वाले दिनों में निगरानी और भी कड़ी की जाएगी।

## ठेका श्रमिकों से शोषण के खिलाफ आंदोलन का आह्वान



**राउरकेलार।** राउरकेला इस्पात संयंत्र सेल में कार्यरत ठेका श्रमिकों के अधिकारों की लंबी लड़ाई लड़ रही राउरकेला कॉन्ट्रैक्टर वर्कर्स यूनियन सीटू का 7वां संगठनात्मक सम्मेलन सेक्टर 16 स्थित श्रमिक भवन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत यूनियन अध्यक्ष एवं सीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विष्णु महांती द्वारा ध्वज आरोहण से हुई। उद्घाटन भाषण में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर पूंजीपतियों के हितों की रक्षा करने तथा श्रम कानूनों को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 8 घंटे के कार्यदिवस को 10 घंटे करना और महिलाओं को रात्रि पाली में कार्य की अनुमति देना श्रमिक हितों पर सीधा प्रहार है, जिसके खिलाफ संयुक्त आंदोलन जरूरी है।

सम्मेलन में यूनियन के महासचिव विमान माइति ने राजनीतिक और संगठनात्मक रिपोर्ट पेश की। विभिन्न यूनियनों के जावेद अली, श्रीमंत बेहरा, राजकिशोर प्रधान, बसंत नायक, भागीरथी टुडू सहित कई वक्ताओं ने ठेका श्रमिकों के शोषण और संघर्ष पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में श्रम विरोधी चार श्रम कोड, उद्योगों के निजीकरण, 10 घंटे कार्यदिवस और महिला श्रमिकों की रात्रि पाली के खिलाफ व्यापक आंदोलन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। 19 नवंबर और 5 दिसंबर को बड़े विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की गई। अंत में आगामी तीन वर्षों के लिए 23 सदस्यीय पदाधिकारी समिति और 25 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया, जिसमें विष्णु महांती अध्यक्ष और विमान माइति महा सचिव चुने गए।



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

## लाइफ Style

# तमन्ना
## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑटिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।



## हॉलीवुड मसाला



# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

## टीवी मसाला




# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे


**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं।



तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।

# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।



# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।



## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

***नई दिल्ली।*** *समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका** : राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका** : साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता** : गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक** : साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



## खबर संक्षेप

### प्रबंधक और ऑपरेटरों को दी गई ट्रेनिंग

**रायगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कार्य को पारदर्शी, सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में रविवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को राज्य शासन द्वारा जारी नवीन तकनीकी निर्देशों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। धान खरीदी संबंधी सभी प्रावधानों, प्रक्रियाओं और डिजिटल कार्यप्रणाली की जानकारी विस्तार से दी। सोमवार के लिए जिले के 16 समितियों के 21 किसानों को धान बिक्री के लिए टोकन जारी किए गया था। इन किसानों से 1320 क्विंटल धान की खरीदी गई। प्रशिक्षण के दौरान नए कंप्यूटर ऑपरेटर्स और समिति प्रबंधकों को सॉफ्टवेयर में खरीदे गए धान की प्रविष्टि, मिलर्स को धान प्रदाय, स्कैनिंग, सत्यापन और डिजिटल प्रक्रिया के अन्य पहलुओं का लाइव प्रेजेंटेशन देकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिले में इस वर्ष 69 समितियों के माध्यम से 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदा जाएगा।

### पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**रायगढ़।** बीजेपी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू का सोमवार को भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। महिला मोर्चा द्वारा तिलक लगा कर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान, वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला, महामंत्री विकास केडिया, जतिन साव की मौजूदगी रही। जिला भाजपा के स्वागत से अभिभूत पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा रायगढ़ जिला भाजपा संगठन से जुड़े साथियों से मिले सम्मान से अभिभूत हूं। उन्होंने भाजपा के सक्रियता की सराहना करते हुए कहा सक्रियता के मामले में रायगढ़ संगठन का नाम प्रदेश में सबसे ऊपर है और उन्होंने आज इसे महसूस भी किया है। अशोक साहू ने प्रथम जिला प्रवास के दौरान संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू सहित भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल प्रदेश मंत्री अशोक सिंह समेत अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सखी समिट में युवा महिलाओं में दिखा उत्साह

**राउरकेला।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित सखी समिट कार्यक्रम तेरापंथ भवन में उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। 45 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह समिट महिला सशक्तिकरण और रचनात्मकता का उत्कृष्ट मंच साबित हुई। कार्यक्रम की ऑर्डिनेटर नेहा कोठारी ने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एबीटी एम के निर्देशानुसार पूरे आयोजन को अत्यंत कुशलता, सृजनात्मकता और आकर्षक ढंग से संचालित किया। उनके प्रयासों से कार्यक्रम में शामिल युवतियों का जोश और भागीदारी देखते ही बन रही थी।

### सड़क किनारे स्टाल से हादसों का खतरा

**राउरकेला।** डांडिया पाली से लेकर टीसीआई चौक तक सड़क किनारे अनियमित रूप से लगे फास्ट फूड काउंटर और छोटी दुकानों के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। स्थानीय निवासियों के साथ साथ इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी यह स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। आलम यह है कि सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से खड़े किए गए वाहन और दुकानें यातायात को इतना प्रभावित करती हैं कि कई बार वाहन घंटों फंसे रहते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्रों से भरे ऑटो और बसों को उठानी पड़ती है जिन्हें जाम के कारण समय पर स्कूल पहुँचना मुश्किल हो रहा है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि टीसीआई चौक पर ट्रैफिक टावर मात्र 100 मीटर की दूरी पर मौजूद होने के बावजूद पुलिस की नज़र इन अव्यवस्थाओं पर नहीं पड़ रही है।

---

कई सालों से वादे और दावों के बीच निर्माण को लेकर हो रही राजनीति

# खरसिया आरओबी निर्माण की नहीं छट रही धुंध, अटका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

वर्षों से विकास की उम्मीद जगाने वाला रेलवे ओवरब्रिज आरओबी अब खरसिया शहर के लिए इंतज़ार और निराशा का प्रतीक बन चुका है। यह प्रोजेक्ट बार-बार सुर्खियों में आता है, लेकिन ज़मीन पर इसकी शुरुआत आज भी अधर में अटकी हुई है।

बीते 5 सितंबर को सीएम विष्णु देव साय ने खरसिया आरओबी का भूमिपूजन किया था। जनता को भरोसा था कि वर्षों से लंबित यह पुल अब तेजी से बनेगा और शहर को जाम और जर्जर सड़कों की समस्या से छुटकारा मिलेगा, लेकिन आज तक न तो काम शुरू हुआ न ही कोई समय-सीमा तय की गई। दूसरी ओर आरओबी निर्माण की तैयारी के नाम पर कई बार सड़कें खोदी गईं, रास्ते बदले गए, यातायात अव्यवस्थित हुआ। लेकिन निर्माण की एक ईंट भी नहीं रखी गई। सड़कों पर इतने गड्ढे बन चुके हैं कि दोपहिया वाहन चलाना अब जोखिम से भरा सफर बन गया है। प्रोजेक्ट की लगभग लागत 64.95 करोड़ रुपए स्वीकृत है।राज्य और केंद्र दोनों स्तर पर इसे मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके बावजूद, निर्माण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।



खरसिया रेलवे फाटक पर लगी जाम।

**पीएम मोदी ने किया था वर्चुवल शिलान्यास, फिर भी अधर में योजना**

बीते 27 फरवरी 2024 को पीएम ने देशभर के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के साथ खरसिया आरओबी का भी वर्चुअल शिलान्यास किया था। इसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब इंतज़ार खत्म होगा, लेकिन बदलती परिस्थितियों में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट के एग्रीमेंट को मंजूरी नहीं दी। इसके चलते ठेका कंपनी ने भी प्रयास बंद कर दिए। परिणाम प्रोजेक्ट फिर फाइलों में ही कैद होकर रह गया।

# चंद्रपुर की मुख्य सड़क गड्ढों में तब्दील, लगातार बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



एनएच 153 पूर्व में 216 इन दिनों हादसों का हॉट स्पॉट बन गया है। हाइवे की मुख्य सड़क जगह -जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिसके कारण लगातार छोटी बड़ी दुर्घटनाएँ हो रही हैं। सड़क पर दिनभर भारी वाहन और लगातार यातायात चलते रहने से स्थिति और अधिक दयनीय हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइवे की खराब हालत की जानकारी अधिकारियों को पहले से है, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक न तो मरम्मत की शुरुआत हुई है और न ही कोई ठोस कदम उठाया गया है। इससे रोज सफर करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं।

- दुकानदारों की मनमानी से बढ़ रही दुर्घटनाएँ

मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात बड़े भंडार के एक युवक की बाइक सड़क पर बने गहरे गड्ढों में फंसकर फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को तत्काल चंद्रपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सड़क पर गड्ढे इतने गहरे और खतरनाक हैं कि हल्की सी चूक भी बड़ा हादसा बन जाती है। रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है क्योंकि पानी भराव होने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और सबसे ज्यादा बाइक सवार चोटिल हो रहे हैं। वही हादसों के बढ़ने का एक और प्रमुख कारण हाइवे किनारे मौजूद कुछ दुकानदारों की मनमानी भी है। जल निकासी की नाली होने के बावजूद कई दुकान संचालक उपयोग किया हुआ पानी सीधे सड़क पर छोड़ रहे हैं। इससे सड़क पर लगातार फिसलन बनी रहती है और पानी भराव के कारण गड्ढे और भी गहरे तथा चौड़े हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकानदारों द्वारा खुलेआम पानी का बहाव सड़क पर छोड़ने से वाहन फिसल रहे हैं और आ, दिन दोपहिया सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। बीते सप्ताह में ही कई वाहन चालक और बाइक सवार खराब सड़क की वजह से घायल हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए और दुकानदारों द्वारा सड़क पर पानी छोड़े जाने पर तत्काल रोक लगाए। लोगों का कहना है कि स्थिति गंभीर होती जा रही है और यदि समय रहते उपाय नहीं किए गए तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

# अंग्रेजों की पहली लड़ाई आदिवासियों के साथः देवेंद्र

**सरसीवा।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिलाईगढ़ के आदिवासी बाहुल्य गांव बोड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। साथ ही राज्यगीत अरपा पैरी के धार का गायन किया गया और पीएम मोदी के जनजातीय दिवस का लाइव प्रसारण किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत जनजातीय समाज के लोगों ने पारंपरिक गीत और नृत्य के साथ किया जिसमें अन्य बालिकाओं ने भी नृत्य में शामिल हुई। बोड़ा में जनजातीय दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप ने कहा कि हमारे देश के आदिवासियों के इतिहास को छुपाया गया था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उजागर किया है। अंग्रेज व्यापारी बनकर आये थे, उनकी निगाह देश के जल, जंगल जमीन पर थी और जल, जंगल जमीन छीनने की कोशिश में अंग्रेजों का पहली लड़ाई आदिवासियों के साथ हुआ था। छत्तीसगढ़ में सभी रियासत आदिवासियों की थी। आज से 150 साल पहले झारखण्ड क्षेत्र में बिरसा मुंडा ने जन्म लिया, उन्होंने अपनी शिक्षा के दौरान ईसाई धर्म से संचालित स्कूल के मिशनरी शिक्षा और संस्कृति को त्यागकर जनजाति परम्परा, बैगा पुजारी से मुलाक़ात किया तो मिशनरी के द्वारा किए जा रहे धर्म परिवर्तन का पता चला।

- 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में सभी अपना योगदान दें



# भगवान बिरसा मुंडा हैं स्वाभिमान साहस और परम्परा के प्रतीकः गजेंद्र





**रायगढ़।** शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन हुआ। इसमें जनजातीय समाज की परंपराओं, कला, संस्कृति और जीवन मूल्यों की अनूठी झलक पूरे वैभव के साथ देखने को मिली।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के इस पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोकनृत्य महोत्सव रहा, जिसने पूरे आयोजन को सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। मंत्री ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेशों का वाचन किया। इसके पश्चात मुरिया, पंथी, सरहुल, करमा सहित जनजातीय लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरा ऑडिटोरियम को करतल ध्वनि से गूँजा दिया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की लय और जनजातीय परिधानों की आभा ने समूचे वातावरण को उत्सवी रंगों से भर दिया। अपनी प्रेरक उद्बोधन में मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक चेतना, एक विचार और एक क्रांति हैं। वे भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के ऐसे महानायक हैं, जिनका साहस और संघर्ष आदिवासी समाज की अस्मिता का आधार है।आयोजन में यहां सुबह से ही जनजातीय कलाकारों, ग्रामवासियों, समाज प्रमुखों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने उत्सव को जीवंत कर दिया। उन्होंने अपने नेतृत्व क्षमता और साहस से अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी और पूरे जनजातीय समाज को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के सबसे निकट रहने वाला समुदाय है। जंगल की हर आहट को पहचान लेनाए ऋतु परिवर्तन को भाँप लेना, प्रकृति के संकेतों को आत्मसात कर लेना यह कोई साधारण क्षमता नहीं, बल्कि पीढ़ियों से अर्जित वह प्राकृतिक चेतना है जिसे दुनिया आज भी शोध का विषय मानती है।

- मंत्री ने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति और अस्मिता को कभी न छोड़े
- जनजातीय गौरव दिवस पर उमड़ा संस्कृति का विराट उत्सव

# माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण विषय पर जागरुकता शिविर



**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में जितेंद्र जैन प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ एवं शहाबुद्दीन कुरैशी विशेष न्यायाधीश अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चंद्रा एवं न्यायाधीश सुश्री प्रीति झा की रही। न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चंद्रा ने अपने उदबोधन में उपस्थित छात्र छात्राओं को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुये माता पिता भरण पोषण अधिनियम के विषय में जानकारी प्रदान कर विधिक सेवा प्राधिकरण के महत्व से अवगत कराया। आज के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत माता पिता का भरण पोषण करना प्रत्येक व्यक्ति का न केवल कर्तव्य है, अपितु यह एक कानूनी बाध्यता भी है। उन्होंने कहा वृद्धजन हमारे सामाजिक ढांचा के रचनाकार हैं। हमारी सभ्यता व संस्कृति में बुजुर्गों को सर्वोत्तम स्थान प्राप्त है, लेकिन आज समाज में वे अक्सर उपेक्षा के शिकार होते देखे जा रहे हैं। यहां तक कि वे जिस घर को अपने खून पसीने से सींचकर बनाते हैं, बुढ़ापे में उन्हें वह भी छोड़ना पड़ता है। ऐसी स्थिति में वे अपने कानूनी अधिकारों का उपयोग कर अपना हक प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने विभिन्न विषयों जैसे पाक्सो अधिनियम बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम, सड़क सुरक्षा व ट्रॉफिक रूल, सायबर सुरक्षा, एवं सोशल मीडिया के उपयोग एवं उससे संबंधित तथ्यों आदि के बारे में बताया। न्यायाधीश सुश्री प्रीति झा ने छात्र छात्राओं को महिलाओं के घरेलू हिंसा तथा मानव तस्करी के बारे में बताते हुए महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह, आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान के लिए महिला हेल्पलाइन.181, 1091, नालसा हेल्प लाइन 15100, नंबर के बारे में जानकारी दी।

# छाल में विधिक साक्षरता शिविर

**छाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ न्यायालय अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक के आदेशानुसार विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कि भरण पोषण कि शिविर आयोजित किया।




इसमें वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कलयार अधिनियम 2007 आवेदन कैसे करें, आदेश का पालन न करने पर दण्ड वरिष्ठ नागरिकों की सम्पत्ति की सुरक्षा वृद्धाश्रम की व्यवस्था अधिनियम का महत्व कि जागरूकता कराते हुए वरिष्ठ जनों भरण पोषण 125 के कानून कि जानकारी बताते हुए साल वरिष्ठ जन को साल द्वारा सम्मानित किया गया। यहा उपस्थिति गणमान्य नागरिक छाल सरपंच मालती राठिया नीलांबर सिंह राठिया ग्राम पंचायत सचिव पैरा लिगल वालिंटियर मौसमी शर्मा का विषेश सहयोग प्रदान किया गया।

# सोंठी की टीम ने केनसरा को दी मात, बनी विजेता

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के ग्राम छिछोर उमरिया में क्षेत्र के खेल प्रतिभा को निखारने व आपसी गेट टू गेदर करने के इरादे से प्रति वर्ष स्व. महेन्द्र साव के स्मृति में क्रिकेट आयोजन होता रहा है। इस साल भी खेल का आयोजन किया गया। इसमें जांजगीर जिले के सोंठी ग्राम की टीम विजेता रही। पहला इनाम में उनको 51 हजार का पुरस्कार दिया गया। इस स्पर्धा में 32 टीमों ने भाग लिया था। इन टीमों ने अपना खेल कौशल दिखाया।



मेन आफ द सिरीज सोंठी के बबलू को मिला। उनको पुरस्कार स्वरुप रेंजर साइकिल दी गई। मेन आफ द मैच भी इसी टीम के दुश्यंत को 1100 व कप और दूसरा पुरस्कार केनसरा टीम को 31 हजार रुपए दिया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के लोगें की महत्वपूर्ण सहभागिता रहती है। इस वर्ष क्षेत्रवासियों के साथ साथ संदीप भोय, विजेन्द्र चौहान गुरूजी, निशा फैंसी स्टोर रायगढ, तोरन साव, अरूष भोय आमपाली, योगेश गुप्ता, हरिशंकर भोय, लिटिल ऐंजील स्कूल के प्रबंधक संजय प्रधान, सरपंच प्रतिनिधि अजय गुप्ता, उमेश जेना, गजानंद सा, डा. धर्मजय गुप्ता तथा अनिकेत गुप्ता का विशेष योगदान रहा । जो अपने रूचि अनुसार खिलाडियों को अपने अपने तरफ से उपहार दिए।

VASUNDHARA
Brilliant Public School
ESTD. 2001 Igniting Wisdom
Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur, (CG.) - 497001
APPOINTMENT 2026-27

| Open Positions | No. of Post | Essential Qualification | Experience Required |
| --- | --- | --- | --- |
| Vice Principal (Female Only) | 1 | Post Graduation + M.ED/B.ED | Minimum 3 years experience as Vice Principal or 5 years as Co-ordinator cum PGT (Ph.D will be Preferred) |
| Art & Craft Teacher | 2 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| TGT Sanskrit | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| TGT/PRT Hindi | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Librarian | 2 | Graduation + B.Lib/M.Lib/Diploma | 2 years |
| HR (Female Only) | 2 | BBA/MBA | 2 years |
| PRT English | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Mother Teacher (FPRT) | 5 | Graduation + NTT | 2 years |
| Associate Teacher | 5 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| Front Desk Executive (Public Relation) | 2 | BBA/MBA | 2 years |

• PGT for all Subjects required, Minimum 3 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .
• TGT Science, SST, Computer required, Minimum 2 Years Experience, Qualifcation prescribed by CBSE .
Kindly Note: • Fluency in English is a must. • Salary no bar for deserving candidates. • Apply at: careers@brilliantabkp.com with a cc to bpsv@brilliantabkp.com before 15th December 2025 or you can submit directly to our school office between 09:00 am to 03:00 pm.
WhatsApp/Contact: 9244320300 brilliantabkp.com

खबर प्रकाशित होने के बाद जागा विभाग, पीड़ितों का होगा इलाज

# लकवा प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

खबर का असर


अब तक 6 लोगों की मौत, 8 अभी पीड़ित, पार्षद ने की पीड़ितों को उपचार की मांग
लकवा बीमारी का दंश झेल रहा है सरिया नगर पंचायत का वार्ड क्रमांक 4 और 5



नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लकवा प्रभावित लोगों की समस्या को लेकर 17 नवंबर के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद संज्ञान लेकर 17 नवंबर को ही स्वास्थ्य विभाग ने यहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की गई एवं उचित सलाह दिया गया। नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लंबे समय से लकवा से प्रभावित लोग जीवन यापन कर रहे हैं। स्वास्थ्य लाभ एवं जागरूकता के अभाव के कारण इन दोनों वार्डो में दिनोंदिन लकवा के पेशेंट बढ़ते जा रहे हैं। इस दौरान लकवा के छह पेशेंट की मौत भी हो गई। तथा आठ लोग गंभीर रूप से पीड़ित हैं। इन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। तथा इन दोनों वार्डो में और अनेक लोगों को भी शिविर के माध्यम से बीपी, शुगर की जांच की गई और उन्हें दवा दिया गया। साथ ही साथ समय समय पर बीपी शुगर की जांच करने की सलाह दी गई। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया में पदस्थ मनोज चौधरी सहायक चिकित्सक के नेतृत्व में टीम के द्वारा सुबह से ही शिविर का आयोजन किया गया। जहां नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप वार्ड के पार्षद तीर्थ सिदार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन की टीम सक्रिय थे। और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411